Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to confer Bharat Ratna Award on Tukdoji Maharaj, a great spiritual saint from Maharashtra.

श्री रामदास तडस (वर्धा): महोदय, सदन के माध्यम से माननीय गृहमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए मेरा कहना है कि महान राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज एक असाधारण व्यक्तित्व के स्वामी थे, देश को ही वे ईश्वर मानते थे । स्वतंत्रता पूर्व काल में उन्होंने समाज सुधार के कार्य ग्राम स्तर पर किए थे । भू–दान आंदोलन, आदर्श ग्राम, व्यसनमुक्ति, श्रमदान, ग्राम स्वच्छता अभियान आदि कार्य उनके द्वारा किए गए थे । सरकार से किसी प्रकार की मदद लिए बगैर उन्होंने अनेकों गावों को आदर्श ग्राम बनाया था । उनके द्वारा रचे गए भजनों से प्रेरणा लेकर वर्ष 1942 में विदर्भ के चिमूर, आष्टी, यावली, बेनोडा में ऐतिहासिक क्रांति हुई थी । राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज ने सभी धर्मों की समानता की शिक्षा देकर मानवता का संदेश दिया । अत: मेरा सदन के माध्यम से माननीय गृहमंत्री जी से आग्रह है कि ऐसे महान राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज द्वारा किए गए देशभक्ति, ग्राम विकास के कार्यो को देखते हुए मरणोपरांत देश के सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न से उन्हें सम्मानित करने की कृपा करे ।

माननीय सभापति: श्री रमापति राम त्रिपाठी – उपस्थित नहीं ।